H2Ooooh! पहल

विश्व जल दिवस (22 मार्च) के अवसर पर [राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन](), [यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन)]() तथा अन्य भागीदारों ने अपनी पहल **"H2Ooooh! - भारत के बच्चों के लिये वाटर वाइज़ प्रोग्राम"** के तहत तीन एनिमेशन फिल्में जारी की हैं।

- ये फिल्में स्कूली छात्रों द्वारा भारतीय नदियों के बचाव और संरक्षण पर केंद्रित कहानियों पर आधारित हैं।

यूनेस्को (UNESCO):

- **यूनेस्को के बारे में**:
  - **संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन' (UNESCO)** संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है। यह शिक्षा, विज्ञान एवं संस्कृति के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से शांति स्थापित करने का प्रयास करती है।
  - यूनेस्को के कार्यक्रम एजेंडा 2030 में परिभाषित **सतत विकास लक्ष्यों (Sustainable Development Goals)** की प्राप्ति में योगदान करते हैं, जिसे 2015 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अपनाया गया था।
  - इसके 193 सदस्य देश और 11 संबद्ध सदस्य हैं। भारत वर्ष 1946 में यूनेस्को में शामिल हुआ था।
    - संयुक्त राज्य **अमेरिका और इज़रायल ने यूनेस्को की सदस्यता** वर्ष 2019 में औपचारिक रूप से छोड़ दी थी।
  - इसका मुख्यालय पेरिस (फ्राँस) में है।
  - यूनेस्को का अंतर-सरकारी महासागरीय आयोग (Intergovernmental Oceanographic Commission of UNESCO) आपदा न्यूनीकरण रणनीति के हिस्से के रूप में महासागर आधारित सुनामी चेतावनी प्रणाली स्थापित करने हेतु वैश्विक प्रयास का नेतृत्व कर रहा है।
    - वर्ष 2020 में **ओडिशा के दो गाँवों (वेंकटरायपुर और नोलियासाह)** को सुनामी की समस्या से निपटने हेतु तैयारियों के लिये 'सुनामी रेडी' (Tsunami Ready) के रूप में नामित किया है।
- **यूनेस्को की अन्य पहलें:**
  - **मानव व जीवमंडल कार्यक्रम**
  - **विश्व विरासत कार्यक्रम**
  - **यूनेस्को ग्लोबल जियोपार्क नेटवर्क**
  - **यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज़ नेटवर्क**

H2Ooooh! पहल:

- **परिचय:**
  - इसे यूनेस्को द्वारा जुलाई 2021 में **राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (NMCG) और अन्य के साथ संयुक्त** रूप से लॉन्च किया गया था।
  - H2Ooooh!, **कक्षा 1 से 8 तक के भारतीय स्कूली छात्रों** के लिये तैयार किया गया एक अनूठा कार्यक्रम है।
- **उद्देश्य:**
  - इसकी शुरुआत के बाद से 18 भारतीय राज्यों के 53 स्कूलों के लगभग 31000 छात्र 400 से अधिक शिक्षकों के समर्थन से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं।
  - इसका उद्देश्य पानी की सीमित उपलब्धता, सतत् उपयोग, संरक्षण और दोहन आदि के विषय में जागरूकता बढ़ाना है।
  - यह पर्यावरण की सुरक्षा हेतु छात्रों को अपने स्वयं के अनुभव और प्रस्तावों को साझा करने में सक्षम बनाता है।
  - तीन चरणों में विभाजित इस परियोजना का उद्देश्य रचनात्मकता को बढ़ावा देना और 6-14 वर्ष की आयु वाले छात्रों के बीच जल संरक्षण एवं इसके सतत् उपयोग के बारे में जागरूकता बढ़ाना, प्रशिक्षण प्रदान करना तथा उन्हें एनिमेटेड लघु फिल्मों, पेंटिंग व कहानी के विचार प्रस्तुत करने हेतु प्रोत्साहित करना है।

जल संरक्षण हेतु भारत की अन्य प्रमुख पहलें क्या हैं?

- जल क्रांति अभियान।
- राष्ट्रीय जल मिशन।
- राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम।

- नीतिआयोग समग्र जल प्रबंधन सूचकांक।
- जल जीवन मिशन।
- जल शक्ति अभियान।
- अटल भुजल योजना।
- राष्ट्रीय जलभृत मानचित्रण और प्रबंधन कार्यक्रम।

विगत वर्षों के प्रश्न

प्रश्न: "मोमेंटम फॉर चेंज: क्लाइमेट न्यूट्रल नाउ" किसके द्वारा शुरू की गई एक पहल है?

(a) जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल
(b) UNEP सचिवालय
(c) UNFCCC सचिवालय
(d) विश्व मौसम विज्ञान संगठन

उत्तर: (c)

स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/h2ooooh-waterwise-program-for-the-children-of-india